## Training & Placement Cell

# Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

**Date : 24th March, 2023**

*Syllabus and Examination Pattern released by MP PSC for the post of Asstt Professor Examination*

## एमपीपीएससी... असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में 800 अंक के दो पेपर होंगे और 100 अंक का इंटरव्यू

### सिलेबस और एग्जाम स्कीम जारी- मध्यप्रदेश से जुड़े नॉलेज को दी गई है प्राथमिकता

इंदौर/भोपाल | DBStar

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2022 के लिए सिलेबस और एग्जाम स्कीम जारी कर दी है। 2017 में निकली भर्ती की अपेक्षा इस बार की स्कीम में बड़े बदलाव किए गए हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर की पिछली भर्ती में सिर्फ 400 अंक का संबंधित विषय का एक ही पेपर था। इस बार इंटरव्यू सहित पूरी चयन प्रक्रिया कुल 900 अंक की होगी। इसमें 800 अंक के दो पेपर होंगे। पहला पेपर मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सामान्य ज्ञान और कंप्यूटर के आधारभूत ज्ञान पर आधारित होगा।

200 अंक के 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। हर एक प्रश्न 4 अंक का होगा। इसे 1 घंटे में हल करना होगा। दूसरा पेपर संबंधित विषय का होगा। इसमें 600 अंक के 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसे हल 3 घंटे का समय दिया जाएगा, यानी लिखित परीक्षा कुल 800 अंक की होगी। कुल 200 प्रश्न पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा की मेरिट दोनों पेपर के प्राप्तांकों को जोड़कर बनेगी। इस बार 100 अंक का इंटरव्यू भी होगा। इंटरव्यू में कोई न्यूनतम उत्तीर्ण अंक निर्धारित नहीं है। उच्च शिक्षा विभाग के सरकारी कॉलेजों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर की 36 विषयों में 1669 पदों की जा रही है। आवेदन की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2023 है। लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्न पर आधारित होगी। हालांकि पीएससी अभी तय नहीं कर पाया है कि परीक्षा ओएमआर बेस्ड ऑफलाइन परीक्षा होगा या कंप्यूटर सिस्टम बेस्ड ऑनलाइन।

### पहले पेपर के सिलेबस में 5 यूनिट, इसमें 3 एमपी बेस्ड

*पहले पेपर के सिलेबस में 5 यूनिट हैं। इसमें 3 यूनिट मध्यप्रदेश के सामान्य ज्ञान पर आधारित रखी हैं। इनमें 1- मप्र का इतिहास, संस्कृति एवं साहित्य, 2- मप्र का भूगोल, 3-मप्र की राजनीति एवं अर्थशास्त्र हैं। इसके अलावा 4- अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं मप्र की समसामयिक घटनाएं हैं। 5- सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी शामिल हैं। सेकंड पेपर विषय से संबंधित होगा। हर विषय में 10-10 यूनिट हैं। करीब 15 विषयों के सिलेबस में मप्र से जुड़ी स्पेशल यूनिट शामिल की गई हैं।*

### लिखित परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक लाना जरूरी...

*लिखित परीक्षा के दोनों ही पेपर में अलग-अलग 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मप्र के आरक्षित वर्ग ईडब्ल्यूएस सहित दिव्यांग उम्मीदवारों को उत्तीर्ण होने के लिए 10 प्रतिशत अंक की छूट दी जाएगी। भाषा संबंधी पेपर को छोड़कर भी पेपर हिंदी और अंग्रेजी भाषा में होंगे।*

### इन विषय के सेकंड में मध्यप्रदेश से जुड़ी यूनिट...

नृत्य में मप्र की नृत्य परंपराएं। अर्थशास्त्र में मप्र की अर्थव्यस्था। एनवायरोमेंटल साइंस में पर्यावरण क्षेत्र में मप्र की भूमिका एवं महत्व। जियोग्राफी में यूनिट, मप्र का भूगोल। जियोलॉजी में मप्र का भूविज्ञान, खनिज। संसाधन, भूजलविज्ञान एवं भूविरासत। हिंदी में मप्र का हिंदी साहित्य, लोक साहित्य एवं जनजातीय साहित्य। हिस्ट्री में मप्र का इतिहास एवं स्वाधीनता आंदोलन। लॉ में मप्र की प्रमुख विधियां। मराठी में मप्र का मराठी साहित्य। म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल में मप्र की संगीत परंपरा। पॉलिटिकल साइंस में राज्यों का पुनर्गठन और मप्र का निर्माण, मप्र का प्रशासन, मप्र में विकास की राजनीति आदि। सोशलॉजी में मप्र का सामाजिक परिदृश्य। मिलिट्री साइंस में मप्र का सैन्य परिदृश्य। म्यूजिक वोकल में मंप्र की रियासतों में संगीत, मप्र के लोक संगीत। ड्राइंग में मप्र की जनजातीय कला एवं लोक कला।

Regards,

***ANIL MISHRA***
***(Training & Placement Officer)***